<u>**मूल हिंदी में**</u>

भारत सरकार

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2598

06.03.2020 को उत्तर के लिए

सर्प उद्यान

2598. श्रीमती गोमती सायः

क्या पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की छत्तीसगढ़ के जसपुर जिले, जहां सांपों की विभिन्न प्रजातियां पायी जाती हैं, में सर्प उद्यान स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क), (ख) और (ग) : छत्तीसगढ़ के जसपुर जिले के तपकरा में सर्प बचाव एवं ज्ञान केंद्र की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त प्रस्ताव पर केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा विचार किया गया था और केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा दिनांक 06.10.2017 के अपने पत्र सं. 1649 के द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार को एक संशोधित प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निदेश दिया था।

****